Chapter- 14

# रेलगाड़ी की कहानी

## STUDY NOTES

विषय सारांश :

मनुष्य एक ऐसा जीव है जो समस्त जीवों में सबसे बुद्धिमान है । हम मुनष्य अपने आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सदैव कुछ नया करते आए हैं । यह पाठ उन्ही आवश्यकताओं में से एक से संबंधित है ।

'रेलगाड़ी की कहानी' यातायात से संबंधित एक ऐसी कहानी है । जिससे हमें यातायात के साधन संबंधित जानकारी हासिल होगी ।

सर्वप्रथम (आदिकाल) मनुष्य एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए पैदल यात्रा करते थे । परन्तु जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया मनुष्य ने पालकी बनाया और प्रयोग करना शुरु किया परंतु पालकी केवल स्त्रियो को ले जाने के लिए होती थी । बाद में हाथी और घोड़ों का इस्तमाल किया जाने लगा । फिर पहिये के आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी से यात्रा आसात लगने लगी ।

धीरे-धीरे मशीन वाली गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगी । मुनष्य की सोच यही तक सीमित नहीं थी उसने घोडों द्वारा खींची जाने वाली एक रेलगाड़ी बना डाली जिसे 'वैगान' कहा जाने लगा । जो कि लकड़ी की पटरियों पर भागती थी । फिर लोहे की पटरियों पर भागने वाली रेलगाड़ी चली जिसे 'रैक रेलगाड़ी कहा गया । धीरे-धीरे भाप इंजन, लोकोमोरान, बुलेट ट्रेन, मेट्रो, ऐ रोडेन्स, मोनो रेल आदि कई नाम जुड़ने चले गए ।





### अभ्यास के लिए

**मौखिक**

१. **शुद्ध उच्चारण कीजिए तथा श्रुतलेख**

**साधन , स्वभाव , मनुष्य , पालकी , अविष्कार , तुर्की , डिब्बे लोकोमोशन**

**शब्दार्थ**

**यात्रा - सफ़र**

**स्वभाव -आदत**

**व्यापारी - व्यापार करने वाला**

**अविष्कार - खोज**

**सर्वप्रथम - सबसे पहले**

२. **कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए ।**

**क )पहले लोग यात्रा कैसे करें थे और उन्हें कितना समय लगता है ?**

**उ .पहले लोग पैदल यात्रा करते थे और उन्हें कभी-कभी महीनों / सालों लग जाते थे**

ODM EDUCATIONAL G Changing your T

# लिखित

१ . उचित सबसे रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

क )चलना मनुष्य का स्वभाव है ।

ख )लोग मीलों पैदल चलकर यात्रा करते थे ।

ग ) कई बार यात्रा इतनी लंबी होती थी कि सालों लग जाते थे ।

घ )बड़े-बड़े राजा - महाराजा हाथी - घोडों पर सवारी करते थे ।

ङ) घूमना हम सभी को पसंद है ।



२ . पाठ के अनुसार पहले क्या हुआ ? क्रम संख्या लिखिए-

ग )लोग मीलों चलकर यात्रा करते थे ।

ङ)लोग पालकी में सवारी करते थे ।

घ)लोगों ने घोड़े पर सवारी करने की सोची ।

ख) नाव द्वारा यात्रा करना प्रारंभ हुआ ।

क)भाप के इंजन का निर्माण हुआ ।

च)अब मोनोरेल का प्रचलन हो गया है ।

३ . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क )लंबी यात्रा के लिए किस साधन का प्रयोग किया जाता था ? इसका प्रयोग किस प्रकार किया जाता था ?

उ - लंबी यात्रा के लिए पालकी का प्रयोग किया जाता था । यह ज्यादातर महिलाओं की यात्रा के लिए प्रयोग में लाया जाता था । लेकिन यह बहुत थका देने वाली होती थी तथा इसे उठाने के लिए चार या चार से अधिक लोगों की आवश्यकता पड़ती थी । इसके अलावा लंबी यात्रा के लिए जानवरों जैसे- घोड़ा, गधा या बैलों का भी प्रयोग किया जाता था ।



ख ) तुर्की व्यापारी द्वारा कहे गए शब्दों का क्या प्रभाव हुआ?

उ - तुर्की व्यापारी ने जब ताना कसा की मूर्ख लोग ही नदियों को पार करने के लिए उनके सूखने का इंतजार करते हैं, तब सबसे पहले लकड़ी के लट्ठों को नदी में बहाकर उसकी सहायता से नदी को पार करना शुरू किया गया और बाद में नाव द्वारा यात्रा करना आरंभ हुआ ।

ग ) लकड़ी की पटरी टूट जाने पर किस चीज की पटरी बनाई गई ?

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

उ - लकड़ी की पटरी टूट जाने पर लोहे की पटरी बनाए गए ताकि जल्दी ना टूटे

घ) विभिन्न प्रकार की रेलों के नाम लिखिए ?

उ - विभिन्न प्रकार की रेलों के नाम हैं - लोकोमोशन रेल , बुलेट ट्रेन ,मेट्रो ट्रेन , ऐरोड्रेन्स ट्रेन ,मोनोरेल ट्रेन आदि।



४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए –

क ) यातायात के मुख्य साधन कौन-कौन से हैं ? प्रत्येक के दो दो उदाहरण लिखिए

उ - यातायात के मुख्य साधन है -स्थल साधन , जल साधन , वायु साधन ।

उदाहरण -स्थल साधन - बस , रेलगाड़ी

जल साधन - नाव , जहाज़

वायु साधन - हेलीकॉप्टर , हवाई जहाज़।

इन साधनों के आविष्कार ने हमारा जीवन अत्यंत आसान बना दिया है।

ख ) प्राचीन काल में यात्राएँ थका देने वाली क्यों होती थी ?

उ - प्राचीन काल में यात्राएँ थका देने वाली होती थी क्योंकि उस समय यातायात के कोई भी साधन उपलब्ध नहीं थे। मनुष्य को यात्रा करने के लिए पैदल ही चलना पड़ता था कभी-कभी यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि उन्हें अपने मंजिल तक पहुँचने के लिए महीनों या सालों लग जाते थे।

भाषा ज्ञान



१ .पढ़िए और समझिए - प्रश्नवाचक वाक्य

क )पालकियाँ क्यों काम में लाई जाने लगी ?

ख )यात्रा सुगम व सस्ती कब लगने लगी ?

ग)तुर्की व्यापारी ने क्या ताना कसा ?

२ . पाठ में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द पहचानकर लिखिए –

बुलेट , कैच , ट्रेन, मेट्रो





३ .रेखांकित शब्द का विलोम लिखिए –

क )लंबी यात्रा थका देने वाली थी ।

उ - छोटी यात्रा थका देने वाली थी ।

ख) व्यापारी अपना माल गधे पर लादते थे ।

उ - व्यापारी अपना माल गधे पर उतारते थे ।

ग )इसमें समय भी कम लगता था ।

उ - इसमें समय भी ज्यादा लगता था ।

घ )मूर्ख लोग ही नदियों को पार करने के लिए उनके सूखने का इंतजार करते हैं ।

उ . विद्वान लोग ही नदियों को पार करने के लिए उनके सूखने का इंतजार करते हैं ।

४. मुहावरों के नीचे रेखा खींचिए –

क)जरूरत के समय मोहन के मित्र ने अंगूठा दिखा दिया ।

ख )बच्चे को देखकर माँ फूली न समाई ।

ग)पुलिस को आते देख चोर नौ दो ग्यारह हो गया ।

घ )अध्यापिका के न आने पर छात्रों ने वर्ग में आसमान सिर पर उठा लिया ।

ङ) देश की रक्षा के लिए सैनिक कमर कसकर तैयार रहते हैं ।



**शब्दार्थ**

यात्रा -सफर, स्वभाव -आदत, व्यापारी- व्यापार करने वाला,

आविष्कार- खोज , सर्वप्रथम -सबसे पहले